आईटीआई लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

16 मई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

आईटीआई लिमिटेड को बिहार में सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम के लिए 37.5 करोड़ रुपए एलओआई प्राप्त हुआ।

बेंगलूरु/नैनी : स्वतंत्रता के बाद देश की पहली सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और प्रमुख दूरसंचार विनिर्माण कंपनी **आईटीआई लिमिटेड** को सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम की स्थापना के लिए बिहार नवीकरणीय ऊर्जा विकास प्राधिकरण (बीआरईडीए) से 37.5 करोड़ रुपए के एलओआई प्राप्त हुआ हैं।

एलओआई का विवरण

आईटीआई लिमिटेड की नैनी यूनिट को मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत डीपीआरओ कटिहार से 2,800 सोलर स्ट्रीटलाइट सिस्टम के रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम (आरएमएस) सहित व्यापक रखरखाव अनुबंध (5 साल के लिए सीएमसी) के साथ डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए 8.58 करोड़ रुपए का एलओआई प्राप्त हुआ है।

इसी तरह आईटीआई लिमिटेड की नैनी यूनिट को मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत डीपीआरओ कटिहार से 9440 सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम के रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम (आरएमएस) सहित व्यापक रखरखाव अनुबंध (5 साल के लिए सीएमसी) के साथ डिजाइन, स्थापना, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए 28.94 करोड़ रुपए का एक और एलओआई प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त सिस्टम बिहार नवीकरणीय ऊर्जा विकास प्राधिकरण की पर्यवेक्षण में स्थापित किए जाने हैं और सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम के प्रमुख घटक सोलर पीवी मॉडयूल, सोलर बैटरी, एलईडी ल्यूमिनरीज, माउंटिंग स्ट्रक्चर, सिस्टम का संतुलन (बीओएस) हैं।

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए **आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री राजेश राय ने कहा,** ''आईटीआई लिमिटेड को टिकाऊ सौर ऊर्जा के साथ सड़कों को रोशन करने में मदद करने के लिए बिहार सरकार के बीआरईडीए के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। यह परियोजना स्थिरता और जीवंत ग्रामीण वातावरण बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह परियोजना वहां के सौंदर्य को बढ़ाएगी और हरित कल के लिए अत्याधुनिक प्रकाश समाधान उपलब्ध कराएगी।'' **श्री राय ने कहा,** ''आईटीआई लिमिटेड ने पिछले साल से बिहार में सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम की सफलतापूर्वक आपूर्ति और स्थापना का समृद्ध अनुभव हासिल किया है।''

आईटीआई लिमिटेड की नैनी इकाई पहले से ही सौर पैनलों का निर्माण कर रही है जो 400 वाट तक सौर ऊर्जा का उपयोग कर सकते हैं। वार्षिक उत्पादन के संदर्भ में, नैनी इकाई सौर पैनल का निर्माण करती है, जो 18 मेगा वाट (मेगावाट) सौर ऊर्जा का उपयोग कर सकती है जो प्रति वर्ष लगभग 55,000 पैनल तक है। बढ़ी हुई क्षमता (500 मेगावॉट) के साथ, यूनिट हर वर्ष लगभव 15,00,000 पैनल का निर्माण शुरू करेगी।